150 वें स्थापना दिवस के अवसर पर अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक का संदेश - 1 फ़रवरी 2016

आज अपने 150वें वर्ष में कदम रखते हुए, मैं अपने आप को गर्वित और सम्मानित महसूस कर रहा हूँ कि मैं एक ऐसे संगठन का नेतृत्व कर रहा हूँ, जिसने व्यापार की चुनौतियों के समय को सफलतापूर्वक पार किया है और अपने सभी हितधारकों के लिए दीर्घस्थायी मूल्य उत्पन्न किया है। हम अत्यंत भाग्यशाली हैं कि हम साथ मिलकर देश के कॉर्पोरेट जगत के इतिहास में एक महान गौरवशाली क्षण के गवाह बनेंगे, क्योंकि बामर लॉरी ने एक अद्वितीय उपलब्धि प्राप्त की है, जिसे सुनहरे अक्षरों में अंकित किया जाएगा। हमारी यात्रा एक लंबी यात्रा है और हमारी यह अतुल्य यात्रा हमारे संस्थापकों की दूरदृष्टि, उद्यमशीलता की भावना और प्रतिबद्धता का प्रमाण है। आइए हम अपने संस्थापकों को श्रद्धांजलि दें और उन उल्लेखनीय उपलब्धियों को स्मरण करें, जिन्होंने एक ऐसी संस्था बनाई है जिसे अपनी विविधता पर गर्व है।

हमारे संस्थापकों ने 'एक एजेंसी हाउस' के रूप में बामर लॉरी एंड कंपनी का गठन किया था और एजेंसी का व्यवसाय निश्चित रूप से व्यापार के क्षेत्र में था। इस व्यापार को संस्थापक भागीदारों की पृष्ठभूमि और पर्यावरण के द्वारा प्रस्तुत अवसरों से आकार दिया गया। प्रारंभ में बामर लॉरी के व्यापारिक उत्पाद मुख्य रूप से चाय बागानों के लिए थे। इनमें चाय, सीसा, चाय के बीज, मिट्टी का तेल, कंबल, ड्रग्स एंड फार्मास्युटिकल्स, शराब और स्पिरिट, परिधान और अन्य सामान, स्टील, पेंट और लुबृकेंट्स शामिल थे। मूल व्यापार यानी 'कमीशन एजेंसी' का बुनियादी चरित्र बहुत वर्षों तक अपरिवर्तित रहा। दूरदर्शी उद्यमशीलता और प्रतिबद्ध कार्यदल के एक संयोजन ने बामर लॉरी के विनिर्माण और सेवा दोनों क्षेत्रों में मजबूत नेतृत्व के साथ एक विविधता युक्त समूह में परिवर्तन की रूप-रेखा बनाई।

हमने ग्रीज और विशिष्ट लुबृकेंट्स विनिर्माण क्षेत्र की अगुआई की है और बैरल उत्पादन के क्षेत्र में नेता रहे हैं। हम विदेश में विनिर्माण इकाई की स्थापना करने और आर्थिक उदारीकरण की प्रक्रिया को आगे ले जाने के लिए कई संयुक्त उद्यम कंपनियों की स्थापना करने वाले सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों में भी प्रथम थे। सार्वजनिक क्षेत्र कंपनियों में हमारी कंपनी, पहली कंपनी थी जिसने अपने कर्मचारियों के लिए शेयरों की पेशकश की और पहली बार भारत में वाणिज्यिक पत्र जारी किए थे। बामर लॉरी धीरे-धीरे और लगातार एक ऐसी परिपक्व संस्था में विकसित हुआ है जिसके पास व्यावसायिक कौशल था और जिसे नए कारोबार में उतरने और अलाभकारी कारोबार से बाहर निकलने की बारीकियों का पता था। हमारी कॉर्पोरेट

उपलब्धियां और हमारे विकास का इतिहास अच्छी पठनीय सामग्री हैं। मैं आपको समय निकालने और हमारे पूर्व प्रबंध निदेशक श्री एस. के. सिन्हा द्वारा लिखित " फुट्प्रिंट्स ऑन दी सैंड्स आफ टाइम " पढ़ने और एक समृद्ध इतिहास और विरासत को संभालने वाली कंपनी के बारे में जानने के लिए प्रोत्साहित करता हूँ।

पिछ्ले तीन दशक, आज के कारोबार के विकास के संदर्भ में बहुत महत्वपूर्ण हैं। हमने अपनी उत्पाद श्रृंखला को बैरल विनिर्माण तथा ग्रीस और लुबृकेंट्स के लिए विस्तारित किया है। यात्रा एवं लॉजीस्टिक्स के नए कार्यालयों और विनिर्माण कारोबार के नए संयंत्रों और अनुसंधान एवं विकास में भारी निवेश किया गया है। अनुप्रयोग अनुसंधान प्रयोगशाला 1981 में स्थापित की गई थी और 1990 के दशक में उत्पाद विकास केंद्र एवं एक तकनीकी सेवा केन्द्र स्थापित किया गया था। वित्तीय वर्ष 1994-95 में कोलकाता में पहला कंटेनर फ्रेट स्टेशन आरंभ किया गया। इसके बाद मुंबई और चेन्नई में भी सीएफएस बनाये गये थे। लगातार उच्च प्रदर्शन हमारी विशिष्ट प्रवृत्ति रही है और पिछ्ले 149 वर्षों की अपनी यात्रा में हमारी कंपनी को कभी घाटा नहीं हुआ।

बदलते कारोबारी माहौल की चुनौतियों के साथ तालमेल रखने के लिए, हाल के वर्षों में हमने प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में निवेश किया है। एक मजबूत रणनीतिक योजना के साथ हम भविष्य के लिए तैयार हैं, पर इसके साथ ही हमें अच्छी तरह से बाहरी वातावरण का जायजा लेने की जरूरत है। चीन द्वारा संचालित वैश्विक मंदी के साथ घरेलू और वैश्विक अर्थव्यवस्था को कठोर परिस्थितियों से गुजरना पड़ रहा है और विश्व पर्यावरण प्रणाली के एक अभिन्न अंग के रूप में, बामर लॉरी को भी इसकी तपन महसूस करने की उम्मीद है। हालांकि, हाल ही में दुनिया के नेताओं ने दावोस के विश्व आर्थिक मंच पर वैश्विक आर्थिक सुधार में भारत द्वारा प्रस्तुत की जाने वाली संभावनाओं में आशा व्यक्त की है। मुझे लगता है कि ठोस विनिर्माण क्षमता और विविध प्रतिभा भंडार युक्त एक संगठन के रूप में यह हमारे लिए एक अच्छी खबर है। हमें ध्यान केंद्रित करने और 'भारत में बनाओ' के देश के वादे को पूरा करने और अपनी क्षमता का लाभ उठाने के लिए रणनीतियों से लैस रहने तथा विकास इंजन को चालू करने में महत्वपूर्ण योगदान करने की जरूरत है।

हमारा लक्ष्य यही रहा है कि हमेशा ट्रिपल बॉटमलाइन पर ध्यान केंद्रित रखें और मुझे प्रसन्नता है कि राष्ट्र पिता महात्मा गांधी के “ स्वच्छ भारत” सपने को साकार करने के लिए हमारे माननीय प्रधानमंत्री, श्री नरेन्द्र मोदी के प्रयासों का हिस्सा बनने का अवसर बामर लॉरी को मिला है । हमने असम, छत्तीसगढ़, हरियाणा, आंध्र प्रदेश और पश्चिम बंगाल के राज्यों में सरकारी विद्यालयों में "स्वच्छ विद्यालय" कार्यक्रम लागू किया है। कंपनी ने कुल 306 शौचालयों का निर्माण/मरम्मत किया है और पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के अधीन लक्ष्य के अनुसार शौचालयों का निर्माण करनेवाली सर्वप्रथम सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम रही। हमारे आस-पास के स्थानों को स्वच्छ रखने की ज़िम्मेदारी हम सब पर है। तो, मैं अपने प्रिय साथियों से इस अद्भुत कार्य के लिए सप्ताह में 2 घंटे समर्पित करने का अनुरोध करता हूँ ।

मैं अपने भविष्य के बारे में आशावादी हूँ और तेजी से बढ़ रही अर्थव्यवस्था के साथ अवसरों का लाभ उठाने के लिए हमें पहले से तैयार रहना चाहिए। हमारे लिए यह सहयोग करने, अपनी ताकतों में नए परिवर्तन लाने तथा उनका लाभ उठाकर, अपने सभी व्यावसायिक क्षेत्रों में बाजार के नेतृत्व में शामिल होने का समय है। आइए हम अत्यंत उत्साह और प्रसन्नता के साथ आगे बढ़ें और केवल अपने ग्राहकों के लिए ही नहीं, बल्कि उन सभी हितधारकों के लिए अपनी प्रतिबद्धता के संकल्प को दोहराएं, जो भविष्य के वर्षों में हमारी यात्रा का एक हिस्सा बन सकते हैं।

यह 150वां स्थापना दिवस मनाने का समय है; इस महत्वपूर्ण अवसर पर आप और आपके परिवार के लिए मेरी शुभकामनाएं!

प्रबाल बासु